



## एक नजर में

### मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर 3 को

**खंडवा.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश अनुसार प्रदेश में नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' प्रारंभ हो चुका है। इस अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारीगण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र का दौरा करते हैं, तथा वहां शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि आगामी शिविर 3 सितंबर को पुनासा विकासखंड के ग्राम बांगरदा में होगा। इस जिला स्तरीय में अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों के सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी से संबंधित आवेदनों का निराकरण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित उपस्थित ग्रामीणों को उद्यानिकी गतिविधियों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

### पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**खंडवा.** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पंचायत उप निर्वाचन के तहत खंडवा जिले में जनपद पंचायत सदस्य के 1, सरपंच के 3 और 30 पंच पद के लिये उप निर्वाचन होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 सितम्बर 2026 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 सितम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 सितम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से अपरान्ह 3.00 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10.30 बजे से की जाएगी।

### लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

**खंडवा.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खंडवा संजीव श्रीवास्तव ने सोमवार को जिला न्यायालय में आयोजित बैठक में आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने उपस्थित न्यायिक अधिकारियों से लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों, पक्षकारों को जारी किए गए नोटिस, पक्षकारों से संपर्क, प्री-काउंसलिंग तथा समझौते योग्य प्रकरणों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में विशेष न्यायाधीश श्री उत्सव चतुर्वेदी, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, श्री आशीष प्रताप सिंह, अरविंद सिंह टेकाम, वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायाधीश ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार श्री अरविंद सिंह तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पीयूष भावे सहित अन्य न्यायाधीशगण एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीवास्तव ने निर्देशित किया कि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए अभी से प्रभावी प्रयास किए जाएं।

## राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मार्च



**खंडवा।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद हुए 'शुद्धिकरण' विवाद और राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने देश और राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन व पैदल मार्च निकालना शुरू कर दिया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि भाजपा की कथित दलित विरोधी मानसिकता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में सोमवार शाम कांग्रेस परिवार द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं मार्च निकाला गया। मार्च की शुरुआत नगर निगम तिराहे स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल के सामने अंबेडकर चौक पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भेदभाव, छुआछूत और दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद की। कांग्रेसजनों ने कहा कि लोकतंत्र में हर वर्ग को सम्मान और समान अधिकार मिलना चाहिए। सामाजिक भेदभाव एवं छुआछूत जैसी मानसिकता के लिए आधुनिक भारत में कोई स्थान नहीं है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद मंच का शुद्धिकरण कराया गया। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इस दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफ आवाज उठाई तो भाजपा सरकार ने उल्टा उन्हीं पर एफआईआर दर्ज करवा दी। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि संदेश साफ है। दलितों का अपमान करने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन उनके सम्मान के लिए आवाज उठाने वालों पर मुकदमा जरूर होगा। भाजपा और आरएसएस की राजनीति हमेशा से दलित, आदिवासी, पिछड़े और वंचित समाज की आवाज और भागीदारी को दबाने की रही है।राहुल गांधी जी इसी व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, इसीलिए भाजपा को उनकी आवाज से इतनी परेशानी है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह ने कहा कि खड़गे जी के मंच का शुद्धिकरण दलितों का अपमान एवं राहुल गांधी पर एफआईआर लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास है।

### कांग्रेसियों ने सामाजिक समानता का लिया संकल्प

सिंह ने कहा कि भाजपा की यह मानसिकता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। देश को संविधान देने वाले डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों पर चलने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की सभा के बाद मंच का शुद्धिकरण किया जाना केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि दलित समाज, संविधान और सामाजिक समानता की भावना का अपमान है। श्री सिंह ने कहा राहुल गांधी जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। राहुल गांधी देश के करोड़ों लोगों, वंचितों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं। जब भी कांग्रेस ने जनता से जुड़े सवाल उठाए हैं, भाजपा ने मुद्दों का जवाब देने के बजाय जांच, एफआईआर और कार्रवाई का सहारा लिया है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता डरने या झुकने वाले नहीं हैं। भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ हमारी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगी। बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान में विश्वास रखने वाला हर नागरिक सामाजिक बराबरी, सम्मान और न्याय के लिए कांग्रेस के साथ खड़ा है। मार्च का समापन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष हुआ, जहां कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब को नमन करते हुए सामाजिक समानता और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में करें निराकरण



**खंडवा.** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि किए गए निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज भी कराएं। समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल, जनपद पंचायत खालवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रतिलाल कनासे तथा सीडीपीओ रूप सिंह सिसोदिया का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए।

बैठक में नवागत अपर कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, जिला पंचायत के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऐश्वर्या वर्मा, पुनासा के एसडीएम श्री पंकज वर्मा, सहायक कलेक्टर सुश्री शिल्पा चौहान, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान एवं अपर कलेक्टर के आर बडोले सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण अधिकारी खुद करें, अपने कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे ना छोड़े।

## नेपाल त्रासदी में दिवंगतों को सद्भावना मंच ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ की त्रासदी में दिवंगत लोगों को सद्भावना मंच द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर गहरा दुख व्यक्त किया गया।मंच ने इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की।

सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल के अनुसार, मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि नेपाल में आई बाढ़ से बड़ी संख्या में जनहानि होने तथा कई लोगों के लापता होने का समाचार बेहद दुखद और हृदयविदारक है। उन्होंने कहा कि सद्भावना मंच इस त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त करता है और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता है।

संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं पूरे मानव समाज के लिए पीड़ादायक होती हैं। ऐसे समय में पीड़ितों के साथ खड़ा होना और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करना ही मानवीयता है।

उन्होंने ओंकारेश्वर में विगत माह डूबने से हुई जनहानि पर भी दुख व्यक्त करते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस शोक संवेदना कार्यक्रम में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,कैलाश शर्मा,सुरेंद्र गीते,योगेश गुजराती,एन के दवे,सुनील सोमानी,राधेश्याम शाक्य,के बी मंसारे,कमल नागपाल,गणेश भावसार,अनीता धोत्रे,निमिषा धोत्रे आदि ने सभी मृतकों की आत्मा की शांति तथा उनके परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## एक नजर में

**जयकारों के साथ जताई आस्था, आयोजकों और भगतगणों का किया सम्मान**

### महापौर ने गोगादेवजी की पवित्र छड़ियों का किया पूजन

**खंडवा।** वाल्मीकि समाज के आराध्य एवं श्रद्धा के केंद्र श्री गोगादेव जी महाराज की पावन छड़ियों के पूजन एवं दर्शन का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव ने विधि-विधान से श्री गोगादेव जी महाराज की अलग-अलग स्थान पर विराजमान पावन छड़ियों का पूजन-अर्चन कर सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।



महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि श्री गोगादेव जी महाराज की पावन छड़ी हमारी आस्था, परंपरा, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने के साथ ही आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं एकजुटता को मजबूत करते हैं। समाज सेवी वह प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की इस अवसर पर महापौर ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर श्री गोगादेव जी महाराज की पावन छड़ियों के आयोजकों एवं भगतगणों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

इन स्थानों से पधारी छड़ियों के आयोजकों का किया स्वागत एवं सम्मान— अनाज मंडी (सोलह खोली) ऋतिक भगत,घासपुरा श्री रवि चौहान भगत, टपाल चाल रोहित डिंडौरे, बड़ा बम विक्की भगत सारसर ओमप्रकाश चाँवरे भगत, गांधी नगर सुमित वैद्य भगत श्री भरत गौहर प्रेम भगत बारसे रवि सारवान चिंटू करोसिया शिवा सुनगत, सिंघाड़ तलाई कृष सारसर, नाथू भगत, संगीत गौहर, (ओमप्रकाश गौहर) भगत विशाल निदाने, इस अवसर पर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य सोमनाथ काले, राजेश यादव और अन्य मौजूद रहे।

# खरगोन

## एक नजर में

### भादौ में प्रजा का हाल जानने निकले नागेश्वर महादेव



**गोगावां।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भद्र मास के पहले सोमवार को नगर में नागेश्वर महादेव का डोला लाव लश्कर के साथ निकाला गया। दोपहर तीन बजे बड़े नागेश्वर मंदिर से महादेव पालकी में सवार होकर नगर में प्रजा का हाल जानने निकले सेवादार कांधे पर पालकी लेकर पीछे पीछे चल रहे थे जहा महिला पुरुषो ने बढ़ चढ़कर दर्शन लाभ लिये जुलूस में आगे आगे घोड़ों पर सवार पहरेदार भगवा झंडा लिए चल रहे थे ।डोले में सेकडो धर्मप्रेमि जनता ने झाकियों को निहारा वही डीजे की धुंध पर युवा वर्ग खूब थिरक रहे थे इसमें शेष नाग देवता की झाकी आकर्षक का मुख्य बिंदु रही चार झाकियों के साथ ही डीजे भी खूब बजे उधर समाजसेवी धर्म प्रेमियों ने श्रद्धालुओं के लिए दर्जन भर स्टाल लगाकर स्वल्फार के साथ ही ठंडा जल भी पिलाया वही जुलूस में प्रसादी भी बाटी गई पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस मुख्य मार्ग से नगर में प्रवेश किया जहा लोगो ने महादेव के दर्शन किए जुलूस शाम को वापस नागेश्वर मंदिर पहुंचा जहा आरती पश्चात प्रसादी बांटी गई व जुलूस की समाप्ति हुई ।इस दौरान खरगोन एसडीएम सत्येंद्र बैरवा, एसडीओपी भिकनगाव केतन अडलक , तहसीलदार हुकुमसिह निगवाल,थाना प्रभारी दीपक यादव के साथ ही पुलिस बल राजस्व पटवारी आदि पूरे समय तैनात थे। जुलूस के शांति पूर्वक संपन्न होने पर आयोजको ने प्रशासन का आभार भी जताया है।

### 2 और 3 को मंडलेश्वर-जामगेट मार्ग रहेगा बंद

**खरगोन।** जिले में आगामी 2 और 3 सितंबर को मंडलेश्वर से जामगेट होते हुए इंदौर जाने वाला मुख्य मार्ग आम यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। सुरक्षा कारणों के चलते यह निर्णय किया गया है, जिसका उद्देश्य फील्ड गोलीबारी अभ्यास को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संपन्न कराना है। इन दो दिनों में संबंधित क्षेत्र में सैन्य या पुलिस बलों द्वारा गोलीबारी का अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास के दौरान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मार्ग पर सभी प्रकार की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

## कसरावद में डिवाइडर की जालियां टूटीं, नगर परिषद कराएगी दुरुस्त

**कसरावद।** नगर के मुख्य मार्गों पर डिवाइडर पर लगी सुरक्षा जालियां बार-बार क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नए बस स्टैंड से रेस्ट हाउस और मंडलेश्वर मार्ग में छोटा नाका तक कई जगह जालियां टूटी या लटकती हुई नजर आ रही हैं।

लोगों ने इसकी शिकायत नगर परिषद से की। इसके बाद परिषद ने क्षतिग्रस्त जालियां हटाकर उन्हें दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। मुख्य मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही का दबाव रहता है। बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने से डिवाइडर पर लगी जालियों को नुकसान पहुंच रहा है। लोगों का



कहना है कि जालियों की मरम्मत के साथ यह भी देखा जाना चाहिए कि वे बार-बार क्षतिग्रस्त क्यों हो रही हैं, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। शनिवार को कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। नगर से करीब 2 किमी दूर मंडलेश्वर मार्ग पर भी लगातार दुर्घटनाओं के चलते ब्लैक स्पॉट की स्थिति बनती जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस स्थान को लेकर भी प्रशासन से आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि व्यस्त चौराहों और मार्ग विभाजन वाले स्थानों पर पर्याप्त दिशा-सूचक बोर्ड नहीं होने से बाहर से आने वाले वाहन चालक भ्रमित होते हैं। प्रमुख शहरों और गांवों की दूरी के साथ संबंधित मार्ग की स्पष्ट जानकारी देने वाले बड़े बोर्ड लगाए जाएं तो वाहन चालकों को काफी राहत मिल सकती है।

नगर के जय सतभ चौराहे सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। यहां से मंडलेश्वर, सनावद, बड़वाह और मुलठान की ओर जाने वाले वाहन निकलते हैं। कई वाहन चालक दिशा-सूचक बोर्ड के अभाव में भ्रमित होकर मंडलेश्वर मार्ग की ओर मुड़ जाते हैं।होटल व्यवसायियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रमुख मार्गों पर आगामी शहरों और पहुंच मार्ग की जानकारी देने वाले पर्याप्त बोर्ड नहीं लगे हैं। इससे बाहर से आने वाले वाहन चालकों को रास्ता समझने में परेशानी होती है।

## महेश्वर के कलाकारों का सम्मान 19 को

**महेश्वर।** अखिल निमाड़ लोक परिषद निमाड़ की लोक कलाओं को सहजने और कलाकारों को सम्मान देने वाली संस्था है जो प्रतिवर्ष 19 सितंबर को निमाड़ी दिवस के अवसर पर निमाड़ क्षेत्र के कलाकारों को सम्मानित करने का कार्य विगत कई सालों से करती आ रही है । इस वर्ष महेश्वर की दो कल प्रतिभाओं का सम्मान 19 सितंबर को किया जाएगा जिसमें सारिका जोशी निमाड़ी कविता लेखन तथा लोक आदिवासी अंचल के कबीर परंपरा के लोक गायक गणेश बुंदेला का सम्मान किया जाएगा।

अनिलोप की नगर इकाई के संयोजक विजय जोशी सीतांशु ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल निमाड़ लोक परिषद के द्वारा निमाड़ क्षेत्र की विभिन्न विधाओं के 25



कलाकारों का सम्मान प्रतिवर्ष किया जाता है इस श्रृंखला में इस वर्ष महेश्वर इकाई के दो कलाकार साथियों का सम्मान 19 सितंबर को किया जाएगा उक्त कलाकारों के सम्मान की घोषणा अखिल निमाड़ लोक परिषद के अध्यक्ष हरीश दुबे द्वारा की गई थी। श्री दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अनिलोप की निर्णायक समिति ने 25 कलाकारों को सम्मानित करने की घोषणा की जिस पर महेश्वर के दो कलाकार सारिका जोशी और गणेश बुंदेला शामिल है।

## दो स्वास्थ्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**गोगावां।** उप स्वास्थ्य केंद्र महुमाडली में सेक्टर के कर्मचारियों की उपस्थिति में पीएचसी कोठा खुर्द में पदस्थ एलएचवी कीर्ति कुमावत एवं उप स्वास्थ्य केंद्र कोठा बुजुर्ग की एएनएम रामप्यारी मंडलोई के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।

सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभम गुप्ता ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति नई शुरुआत का अवसर है। सुपरवाइजर सुनील सोनी ने दोनों के निष्ठापूर्ण सेवाकाल और मृदु स्वभाव को याद किया। कर्मचारियों ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। कीर्ति कुमावत ने सेवाकाल में मिले सहयोग के लिए आभार जताया, वहीं रामप्यारी मंडलोई ने स्वास्थ्य विभाग में सेवा को मानवता की सेवा बताया। संचालन मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने किया। भावुक माहौल में दोनों को विदाई दी गई।

## एक नजर

**भाकिसं ने की फोरलेन मुआवजे और बिजली आपूर्ति सुधार की मांग**

### भीकनगांव झिरन्या सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप

**भीकनगांव।** भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई भीकनगांव ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। संघ ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम एक 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के सामने एक घंटे तक प्रदर्शन कर आक्रोश दर्ज कराया।

विकासखंड अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, जिलामंत्री वासुदेव चौधरी और तहसील उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पटेल ने बताया कि भीकनगांव-झिरन्या उद्वहन सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार के कारण करोड़ों खर्च होने



के बावजूद यह अधूरी है। किसानों ने उच्च स्तरीय समीक्षा और आगामी रबी सीजन से पहले कार्य पूर्ण कर हर खेत तक पानी पहुंचाने की मांग की। राष्ट्रीय राजमार्ग 347.बी देशगांव-झुलवानिया फोरलेन के लिए अधिग्रहित भूमि के कम मुआवजे और सर्वे में अनियमितता का मुद्दा भी उठाया।

किसानों ने पुनः सर्वे और बाजार मूल्य पर उचित मुआवजा देने की मांग की। मुकेश पटेल, श्याम सिंह पंवार, जिला मीडिया प्रभारी नितेश सिंह मौर्य, विष्णु धनगर, नरेन सिंह सोलंकी, कड़वाजी नादिया, राजेश यादव ने बताया कि धरने के दौरान किसानों ने रबी सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति और खराब ट्रांसफार्मर को 24 घंटे में बदलने की मांग की। अन्य मांगों में भारतीय कपास निगम द्वारा 1 अक्टूबर से कपास खरीदी, कृषि उपज मंडी में पृथक व्यवस्था, फड़ पर तौल, 2 लाख तक नगद भुगतान, विश्रामगृह सहित अन्य सुविधाएं, कृषि विभाग में एसएडीओ की उपस्थिति, नकली खाद-दवा-बीज की सैंपलिंग, राजस्व रिकार्ड सुधार हेतु शिविर और पीएम किसान सम्मान निधि से कटे पात्र किसानों के नाम जोडना शामिल किए जाने जैसी मांगें शामिल रही।